हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

A TATA PRODUCT

TANISHQ

Adhyantara

A cosmic wonder, crafted for you.

FLAT ₹301 OFF*
per gram on gold jewellery

UP TO 20% OFF*
on making charges of gold jewellery and on diamond value

A WIN FOR YOU.
A WIN FOR INDIA.

A transparent gold exchange process that gives you the best value for your old gold and helps India reduce its imports.

—WIN-WIN—
EXCHANGE

0%
Flat 0% deduction*
on exchange of old gold
(18 Kt and above)
from any jeweller.

- No hidden deductions
- Exchange all year round
- Upgrade to latest gold & diamond designs
- Exchange for weddings, festivals & special occasions

Gold Rate Protection - Book in advance and stay protected against increasing gold rate*

Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 | Buy online at **tanishq.co.in** or Download our App *Conditions apply.

Scan the QR code to find the nearest Tanishq store

Tanishq : Palm Mall, Transport Nagar, Korba, Chhattisgarh, Mobile No.: 9109111131, 9109111134, 9109111140

खबर संक्षेप



नेवसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरदीबाजार। विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवसा में गुरुवार को 39 लाख 95 हजार की लागत से डीएमफ मद अंतर्गत स्वीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने किया। भूमिपूजन पश्चात उपस्थित ग्रामीणों को विधायक श्री पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम नेवसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण व सुचारू रूप से संचालित होने पर ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने तथा स्थानीय स्तर पर चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, पाली जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि शोभा सिंह जगत, सरपंच श्रीमती शारदा देवी कंवर, पूर्व सरपंच धरम सिंह कंवर, शिवलाल यादव, हबीब खान, भुवन यादव, कुंवर गोंड, अजय गोंड, जमुना प्रसाद यादव, पवन देव पटेल, श्रीमती लता नवरंग, डॉ. सीमा, श्रीमती पूर्णिमा गोंड, नरेश निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

धूमधाम व गाजे बाजे के साथ नम आँखों से हुआ मां की प्रतिमा का विसर्जन



हरदीबाजार। नवरात्र के 9 दिन तक प्रतिदिन सेवा , आराधना एवं अलग-अलग कार्यक्रम करने के पश्चात दुर्गा मैया की प्रतिमा का धूमधाम से गाजे बाजे के साथ विसर्जन किया गया। बस स्टैंड के दुर्गा पंडाल से दुर्गा माता के प्रतिमा को बस स्टैंड से कॉलेज चौक, कॉलेज चौक से बस स्टैंड होते हुए बस्ती रोड हरदीबाजार के तालाब में माता की प्रतिमा को विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर,सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल ,डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर,आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर, देवेश शर्मा,राजू गुप्ता,बंटी राठौर, पंडा रमेश दास महंत,आनंद सिंह, महावीर डिक्सेना,हेम साहू, नवल राठौर,रामलाल प्रजापति,यक्ष आदित्य, राजाराम राठौर, विनोद उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

युवा दुर्गोत्सव समिति बालको में मनाया गया दुर्गा उत्सव



कोरबा। युवा दुर्गोत्सव समिति सेक्टर-4 बालको नगर द्वारा इस वर्ष दुर्गा उत्सव को विशेष आकर्षण और भव्यता के साथ मनाया गया। समिति की ओर से आयोजित भव्य डांडिया उत्सव में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में भक्तिमय वातावरण के साथ उत्सव और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। इस वर्ष सेक्टर-4 के दुर्गा पंडाल में पहली बार माँ दुर्गा के नवदुर्गा स्वरूपों को एक साथ विराजित किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। माता रानी के नौ स्वरूपों के एक साथ दर्शन कर भक्तों ने स्वयं को धन्य महसूस किया। पंडाल की आकर्षक साज-सज्जा और धार्मिक वातावरण ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ाया। सेक्टर-4 का दुर्गा पंडाल वर्षों से अपनी विशेष एवं आकर्षक लाइटिंग के लिए जाना जाता है। हर वर्ष यहां की रोशनी, सजावट और पंडाल की भव्यता लोगों को आकर्षित करती है। इस बार भी आकर्षक विद्युत सज्जा, माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के दर्शन और भव्य डांडिया आयोजन ने उत्सव को यादगार बनाया।

पृष्ठ 1 का शेष

लापता मासूम...

साफ है कि उसकी हत्या की गई है। पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर संदेह है। जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है। पुलिस जल्द ही इस संदिग्ध मौत के मामले को सुलझाने का प्रयास करेगी। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर विभिन्न एंगलों पर तहकीकात में जुटी हुई है। बताया जाता है कि मासूम भाव्या की मां उसे छोड़कर अलग रहती है। जबकि भाव्या अपने पिता प्रकाश जोशी के साथ रहती थी। प्रकाश जोशी सक्ती जिले के ग्राम फगुरम का मूलतः निवासी है जो पिछले 6 महीन से रजगामार में आकर रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहा था। इस बीच उसकी मासूम बच्ची की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। संभावना जतायी जा रही है कि पुलिस संभवतः कल इस मामले की खुलासा कर सकती है।

बोनस की चमक से दमकेगा कोरबा का बाजार, धनतेरस पर बरसेगा धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाहन, सराफा और इलेक्ट्रानिक्स कारोबारियों ने कसी कमर

खास बातें

- नए मॉडल और आकर्षक ऑफर से ग्राहकों को लुभाने की चल रही है पूरी तैयारी



त्योहारों की खुशियां इस बार कोरबा के बाजार में कारोबार की नई रफ्तार लेकर आने की उम्मीद जगा रही हैं। शासकीय और निजी संस्थानों में बोनस मिलने के बाद कर्मचारियों और उनके परिवारों का उत्साह बढ़ा है। धनतेरस और दीपावली पर बड़ी खरीदारी की तैयारी के बीच शहर के बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। खासकर ऑटोमोबाइल, सराफा और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में कारोबारियों को बंपर बिक्री की उम्मीद है।

धनतेरस पर खरीदारी को शुभ मानने की परंपरा के चलते बड़ी संख्या में परिवारों ने वाहन, सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के और इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदने की योजना बनाई है। कई ग्राहक मनपसंद मॉडल और डिजाइन पहले से तय कर रहे हैं, वहीं शुभ मुहूर्त में डिलीवरी लेने के लिए अग्रिम बुकिंग भी कराई जा रही है। त्योहार के अंतिम दिनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए कारोबारियों ने भी स्टॉक और ऑफर्स को लेकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। त्योहारी कारोबार में ऑटोमोबाइल सेक्टर सबसे अहम हिस्सेदारों में शामिल है। कार और बाइक खरीदने के लिए धनतेरस के मुहूर्त को प्राथमिकता देने वाले ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए शोरूम संचालकों ने नए मॉडल और अलग-अलग बजट के विकल्प तैयार रखे हैं। जानकारी के अनुसार, वाहन कारोबारियों ने 30 हजार से अधिक वाहनों का स्टॉक मंगाया है। पसंदीदा मॉडल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ग्राहक पहले से बुकिंग करा रहे हैं, ताकि धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में वाहन की डिलीवरी ली जा सके।

सोने-चांदी के सिक्कों से लेकर नए डिजाइन की ज्वेलरी तक

धनतेरस पर सोना-चांदी खरीदने की परंपरा सराफा बाजार के कारोबार की सबसे बड़ी उम्मीद है। ज्वेलरी शोरूम में नए डिजाइन के आभूषणों के साथ सोने-चांदी के सिक्के भी उपलब्ध कराए गए हैं। ग्राहक अपनी जरूरत और बजट के हिसाब से खरीदारी की योजना बना रहे हैं। कारोबारियों को उम्मीद है कि बोनस की राशि का एक हिस्सा इस बार सोने-चांदी की खरीदारी में भी आएगा।

टीवी, फ्रिज, मोबाइल से वॉशिंग मशीन तक मांग

घरों की जरूरत और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग भी त्योहारों के दौरान बढ़ने की उम्मीद है। टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, मोबाइल फोन सहित अन्य उत्पादों के नए मॉडल बाजार में उपलब्ध हैं। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानदारों ने विशेष ऑफर और विभिन्न खरीद योजनाएं भी रखी हैं। बोनस मिलने के बाद घरेलू उपयोग के सामान की खरीदारी बढ़ने की उम्मीद से इलेक्ट्रॉनिक्स कारोबारियों में भी उत्साह है।

नवरात्रि से शुरू हुई रौनक, अब धनतेरस पर नजर

नवरात्रि से शुरू हुआ त्योहारी कारोबार अब धनतेरस और दीपावली के सबसे बड़े खरीदारी दौर में प्रवेश कर चुका है। बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने लगी है और कारोबारी धनतेरस के दिन बड़ी बिक्री की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बोनस की रकम, खरीदारी की परंपरा और त्योहार का उत्साह—तीनों का मेल इस बार कोरबा के बाजार को नई रफ्तार दे सकता है। अब नजर धनतेरस के कारोबार पर है कि ग्राहकों की जेब से निकली रकम बाजार की चमक को कितनी ऊंचाई देती है।

दशहरे पर लायंस क्लब कटघोरा-छुरी ने किया भंडारे का आयोजन

5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



भोग प्रसाद बांटते क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

विजयादशमी दशहरा के पावन अवसर पर लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा नगर में सेवा, समर्पण और सामाजिक सद्भाव की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करते हुए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। नगर के प्रतिष्ठित नागरिक जगन्नाथ प्रसाद मित्तल के आतिथ्य में उनके निवास के बाहर मुख्य मार्ग पर आयोजित इस भंडारे में 5 हजार से अधिक नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, उत्साह और सेवाभाव का वातावरण बना रहा। क्लब के इस सेवा कार्य की नगरवासियों ने मुक्तकंठ से सराहना की।

दशहरा के अवसर पर आयोजित भंडारे का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सर्वप्रथम जगन्नाथ प्रसाद मित्तल ने मातारानी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इसके पश्चात शाम 6 बजे से भंडारे की शुरुआत हुई, जो निरंतर रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी, श्रद्धालु एवं राहगीर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में उमड़ी नागरिकों की भीड़ ने आयोजन की व्यापकता और लोगों के बीच सेवा भावना के प्रति सम्मान को दर्शाया। आयोजन स्थल पर पूरे समय उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। क्लब के सदस्यों ने सेवाभाव के साथ व्यवस्थाओं में सहभागिता निभाई तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण में सहयोग किया। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी द्वारा आयोजित इस भंडारे का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज में सेवा, सहयोग, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। दशहरा जैसे पावन पर्व पर आम नागरिकों के लिए भंडारे का आयोजन कर क्लब ने सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

जनसेवा की भावना के साथ हुआ आयोजन

रात 10 बजे तक चले इसभंडारे में 5 हजार से अधिक लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया। लायंस क्लब कटघोरा-छुरी का यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और जनसेवा के समन्वय का उदाहरण बना। दशहरा के पावन पर्व पर आयोजित इस सेवा कार्यक्रम ने नगर में सकारात्मक संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास और सेवाभाव से समाज में सद्भाव, सहयोग एवं मानवीय मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। आयोजन में रीजन पी आर ओ अजय धनोंदिया क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, सुधीर पाण्डेय, अतुल मित्तल, वीकेश अग्रवाल, मुकेश मोटवानी, मुकेश गुप्ता, विशेष मित्तल, हरि दिवाकर, अजय श्रीवास्तव, लव मित्तल, संदीप चौबे, शंकर अग्रवाल, आशीष धनोंदिया, अर्पित मित्तल, आशीष अग्रवाल आदि का सहयोग रहा।

अतिथियों एवं क्लब सदस्यों की रही उपस्थिति

इस अवसर पर लायंस क्लब के रीजन पीआरओ अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित क्लब के सभी सदस्य एवं नगर के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए सेवा कार्यों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि धार्मिक पर्व केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये पर्व समाज के लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने, जरूरतमंदों की सहायता करने और सामूहिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

मां दुर्गा को दी विदाई, बाजे-गाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

नगर में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी मां दुर्गा की आराधना का दस दिवसीय महोत्सव बुधवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान नगर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। पूरे नवरात्र और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

महोत्सव के अंतिम दिन पूजा पंडालों में हवन-पूजन के साथ मां दुर्गा की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और जिले की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद मां की आरती उतारी गई और पूजा के दौरान हुई भूल-चूक के लिए क्षमा याचना की गई। अगले वर्ष फिर से आगमन की प्रार्थना करते हुए श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। कटघोरा नगर में नौ स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। बुधवार को सभी पूजा पंडालों से विसर्जन यात्राएं निकाली गईं। गायत्री दुर्गोत्सव समिति, बाजार मोहल्ला, दुर्गा मंदिर, चांदनी चौक पुरानी बस्ती, मोहलाइन भाटा, नवागांव, तहसील भाटा, अंबिकापुर मुख्य मार्ग और महागौरी मंदिर से प्रतिमाओं एवं जवारा विसर्जन की यात्रा निकाली गई। सभी यात्राएं कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक पर एकत्रित हुईं। इसके बाद बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और मां दुर्गा के जयकारों के साथ श्रद्धालु सामूहिक रूप से राधासागर के लिए रवाना हुए। विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धालु डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते नजर आए। मां के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां भी साझा कीं।

80 फीट ऊंचे रावण का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अतिथि को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

नगर में विजयादशमी का पर्व गुरुवार को धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर के मेला मैदान में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए कटघोरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। विशाल जनसमूह की मौजूदगी में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में आतिशबाजी और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस वर्ष रावण दहन की खास बात यह रही कि रावण के दसों सिरों के मुंह से आग के गोले निकल रहे थे। इस नजारे ने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। रावण दहन से पहले हुई शानदार आतिशबाजी ने भी लोगों का मन मोह लिया। जैसे ही विशाल रावण का दहन हुआ, पूरा मेला मैदान जयकारों और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को दशहरा पर्व की बधाई देते हुए असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के संदेश को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राज जायसवाल ने की। दशहरा उत्सव को खास बनाने के लिए समिति की ओर से भिलाई के आर्केस्ट्रा और छत्तीसगढ़ लोककला मंच के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के समापन पर नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

दशहरा उत्सव में हिंदी संगीत और छत्तीसगढ़ी लोककला का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेते दर्शक।

दशहरा उत्सव के अवसर पर रावण दहन के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में हिंदी संगीत और छत्तीसगढ़ी लोककला का संगम देखने को मिला। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में जहां हिंदी गीतों की मधुर धुनों और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया, वहीं छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और पारंपरिक लोककलाओं ने क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। विविध रंगों से सजी इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल बना रहा।

दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ रात 8 बजे भिलाई से पहुंचे टी. विशाल बॉबी आर्केस्ट्रा की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने हिंदी गीतों और सुरीले संगीत के माध्यम से कार्यक्रम में संगीत की खूबसूरत छटा बिखेरी। लोकप्रिय गीतों की धुनों ने दर्शकों को आकर्षित किया और आयोजन स्थल पर उत्सवी माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। संगीत की मधुरता और कलाकारों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शुरुआत से ही दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचे रखा। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति की अध्यक्षता कर रहे राज जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, गोपाल शर्मा, अशरफ मेमन, चंदन बघेल, राजीव लखनपाल, संजय अग्रवाल, संजय शर्मा, पवन अग्रवाल, नरेंद्र मित्तल, सतीश धनोंदिया, आकाश शर्मा, अशोक दुबे, मुकेश गोयल, अजय धनोंदिया, शारदा पाल, राहुल डिकसेना, मनोज नायडू, विष्णु जस्यसवाल, लक्ष्मी गर्ग, केशव अग्रवाल, डॉ हरि दिवाकर, मुरली साहू, रवि डिकसेना, गोपाल गोस्वामी आदि ने सहयोग किया।

वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान को गति देने बिहार जाएंगे जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे दो माह के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी तथा मधुबनी पूर्व एवं मधुबनी पश्चिम संगठनात्मक जिलों का केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार श्री अग्रवाल शीघ्र ही बिहार के इन जिलों का दौरा करेंगे। इस दौरान वे प्रत्येक जिले में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, वरिष्ठ पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, बूथ लेवल एजेंटों, फ्रंटल संगठनों एवं अभियान से जुड़े प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ अलग-अलग बैठक कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगे तथा आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां तय करेंगे। बैठकों में विशेष रूप से मतदाता सूची के सत्यापन, एसआईआर के माध्यम से हटाए गए या प्रभावित मतदाताओं की पहचान, वोट रक्षक पोर्टल के उपयोग, बूथ स्तर पर सत्यापन, ग्राम स्तरीय चौपालों तथा जनजागरूकता अभियान को प्रभावी बनाने पर चर्चा की जाएगी। श्री अग्रवाल यह भी सुनिश्चित करेंगे कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम प्रत्येक जिले में निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरी गंभीरता और सक्रियता के साथ संचालित हों। अभियान के आगामी चरण में 25 अक्टूबर से वोट बचाओ–देश बचाओ चौपाल का आयोजन प्रस्तावित है। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालयों पर संयुक्त प्रेस वार्ता, ब्लॉक स्तर की बैठकें, बूथ लेवल एजेंटों एवं वोट रक्षक कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण तथा बूथवार मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा।

बाजार से मोबाइल चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा



बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। पिछले कुछ हफ्तों से ये गिरोह लगातार बुधवारी बाजार और आसपास के जिले में चोरी की वारदात कर रहा था । झारखंड से छत्तीसगढ़ आकर वे चोरी कर रहे थे। कोतवाली थाना में ही इनके खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर को जांजगीर निवासी धनंजय कुमार शुक्ला ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवारी बाजार से उसकी सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल चोरी हो गई। सब्जी लेने के दौरान उसकी मोबाइल चोरी कर ली गई थी। इसी तरह शिवनारायण सोनी, प्रमोद कुमार तिवारी और संतोष कुमार कश्यप ने भी बुधवारी बाजार जांजगीर से मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में जुटी। विवेचना के दौरान रेलवे स्टेशन नैला में एक व्यक्ति को संदेहास्पद रूप से घूमते हुए पुलिस ने पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम मोहन महतो पिता रमेश महतो निवासी झारखंड का होना बताया। अपने अन्य साथी के साथ मिलकर जांजगीर साप्ताहिक बाजार में लोगों से भीड़ भाड़ में मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से चार मोबाइल बरामद किया गया हैं। पूर्व में बाजार, मेला, भीड़ भाड़ वाले जगह में कई बार चोरी करने की बात आरोपी ने कबूल की। उसने बताया कि मोबाइल को वापस झारखंड ले जाते थे और वहां से नेपाल भेज दिया जाता था। पुलिस ने उसके नाबालिक साथी को भी पकड़ा है। प्रकरण में अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है।

बच्चे को दी थी ट्रेनिंग

पूछताछ में आरोपी मोहन महतो ने बताया कि पिछले 25-30 दिनों से चाम्पा में किराया का रूम लेकर दो अन्य साथी के साथ रह रहा था, जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी है। नाबालिक को अपने गांव तीनपहाड़ साहेब गंज झारखंड में एक माह की ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें भीड़ भाड़ इलाके में गूंगा बच्चा बनकर उपर पाकेट में रखे मोबाइल को कैसे निकालना है बताया गया था। पकड़े जाने पर गूंगा बनने का नाटक करता था। छोटा बच्चा और ऊपर से गूंगा देखकर लोग डांट फटकार कर छोड़ देते थे।

भ्रामक विज्ञापनों से बचें कोचिंग संस्थान

कोरबा। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार व्यवहार पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टरों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के कोचिंग संस्थानों और कोचिंग केंद्रों को कोचिंग क्षेत्र में भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम संबंधी दिशा-निर्देश, 2024 का पालन करने और भ्रामक प्रचार बंद करने के लिए कहा गया है।





तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

2

बोनस की चमक से दमकेगा कोरबा का बाजार, धनतेरस पर बरसेगा धन





खबर संक्षेप

25वीं स्टेट सब-जूनियर बैडमिंटन की चयन स्पर्धा 25 को

कोरबा। योनेक्स सनराइज 25वीं स्टेट सब-जूनियर (अंडर 15 व 17 वर्ष बालक-बालिका) बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जाना है। इसमें कोरबा जिले का प्रतिनिधित्व करने बैडमिंटन टीम चयन किया जाएगा। इसके लिए कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के तत्वावधान में सिलेक्शन ट्रायल रखा गया है। यह चयन स्पर्धा आगामी रविवार 25 अक्टूबर को एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित किया जाएगा। कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के सचिव मनीष गुप्ता ने बताया कि इच्छुक और योग्य खिलाड़ियों को 23 अक्टूबर तक अपनी एंट्री दर्ज कराने कहा गया है। एंट्री भेजने के प्रारूप के अनुसार खिलाड़ी का नाम, जन्म तिथि, सीजीबीए आईडी केडीबीए आईडी एवं इवेंट की जानकारी प्रस्तुत करना होगा।

जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

कोरबा। कांग्रेस संगठन द्वारा जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर 23 अक्टूबर को शाम 3 बजे टी.पी. नगर स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक को पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयसिंह अग्रवाल संबोधित करेंगे। बैठक में जिले में संगठन की गतिविधियों, सेक्टर, मंडल, वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी मंडल अध्यक्षों, सेक्टर प्रभारियों, वार्ड अध्यक्षों, बूथ पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस संगठन द्वारा विभिन्न वार्डों में सेक्टर स्तर की बैठकों का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में 23 अक्टूबर को अलग-अलग क्षेत्रों में सेक्टर बैठकों के पश्चात जिला स्तर पर यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है।

स्टेट पेडिकॉन का आयोजन आज से

कोरबा। बच्चों के स्वास्थ्य, किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव और उपचार की आधुनिक पद्धतियों पर चर्चा के लिए कोरबा में 23 से 25 अक्टूबर तक छत्तीसगढ़ स्टेट पेडिकॉन 2026 का आयोजन होगा। कोरबा एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की मेजबानी में होने वाले सम्मेलन में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित देश के विशेषज्ञ बाल रोग चिकित्सक शामिल होंगे। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण 23 अक्टूबर को सुबह 11 बजे टीपी नगर स्थित श्री हरिकिशन पब्लिक स्कूल में होने वाली किशोर स्वास्थ्य कार्यशाला होगी। इसमें कक्षा 7वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विशेषज्ञ चिकित्सक किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक बदलाव, पोषण, स्वस्थ जीवनशैली और सुरक्षा संबंधी जानकारी देंगे। कार्यशाला का समन्वय डॉ. धरमवीर सिंह करेंगे। जिसके तहत स्कूलों में पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और सक्रिय जीवनशैली को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाती है। सम्मेलन की थीम 'फ्रॉम क्लूज टू क्योर रखी गई है। इसमें डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. मधुश्री देशपांडे, डॉ. ओमेश खुराना आदि विशेषज्ञ विचार साझा करेंगे।

एसईसीएल कर्मियों को बोनस मिला, अब ठेका कामगारों की बारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दशहरा पर्व से पहले एसईसीएल के करीब 33 हजार नियमित कोयला कर्मियों के खातों में 1 लाख 10 हजार 250 रुपए पीएलआर बोनस का भुगतान हो चुका है। नियमित कर्मियों को बोनस मिलने के बाद अब एसईसीएल की खदानों में काम कर रहे हजारों ठेका कामगारों की नजर अपने बोनस भुगतान पर है। कई आउटसोर्सिंग कंपनियों के कर्मचारियों को अभी बोनस का इंतजार है, जबकि कुछ कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को भुगतान शुरू कर दिया है।

एसईसीएल की कोयला खदानों में खनन, परिवहन और अन्य कार्यों में नियमित कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में ठेका कामगार भी कार्यरत हैं। जिले की गेवरा, कुसमुंडा और दीपका खुली खदानों के अलावा कोरबा एरिया की सराईपाली और मानिकपुर खदानों में भी विभिन्न कार्य आउटसोर्सिंग कंपनियों के माध्यम से कराए जा रहे हैं। कुसमुंडा खदान में 50 से अधिक ठेका कंपनियों को अलग-अलग कार्य सौंपे गए हैं। यहां करीब 3 हजार ठेका कामगार कार्यरत हैं। इनमें से आउटसोर्सिंग कंपनी नीलकंठ ने करीब 1600 कर्मचारियों को दशहरा से पहले बोनस का भुगतान कर दिया है। वहीं अन्य कंपनियों के कर्मचारियों को भुगतान का इंतजार है।अब नियमित कर्मियों के खातों में बोनस पहुंचने के बाद ठेका कामगार भी अपनी संबंधित कंपनियों से भुगतान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। दशहरा पर्व के बाद बोनस भुगतान में देरी को लेकर कामगारों के बीच चर्चा तेज है। ऐसे में ठेका कंपनियां अपने कर्मचारियों को बोनस का भुगतान कब तक करती हैं, इस पर नजर बनी हुई है।

कई आऊटसोर्सिंग कंपनियों ने अब तक नहीं किया भुगतान



8.33 प्रतिशत बोनस पर बनी थी सहमति

कोयला कर्मियों का प्रतिनिधित्व करने वाली यूनियनों के साथ चर्चा के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नियमित कर्मचारियों को 1,10,250 रुपए पीएलआर देने पर सहमति बनी थी। वहीं ठेका कामगारों के लिए वेतन का 8.33 प्रतिशत बोनस भुगतान किए जाने पर सहमति जताई गई थी।

आसपास के आधा दर्जन से अधिक हाथी प्रभावित गांव को भेजा गया है आमंत्रण

हाथी व मानव स्नेह की मिसाल, साजापानी गांव में मनेगी 'बेबी एलीफेंट' की छट्ठी



साजापानी गांव जहां होगा कार्यक्रम।



नन्हें शावक के साथ हाथी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रकृति और मानव के अनोखे संबंध की एक बेहद भावुक और सुंदर तस्वीर कोरबा वन मंडल से निकलकर सामने आई है। करतला वन परिक्षेत्र के ग्राम साजापानी में तीन दिन पूर्व जन्में एक नन्हें 'बेबी एलीफेंट' के स्वागत में पूरा गांव उमड़ पड़ा है। ग्रामीणों ने फैसला किया है कि वे इस नन्हें मेहमान का स्वागत ठीक वैसे ही करेंगे जैसे घर में किसी नवजात बच्चे का किया जाता है। 25 अक्टूबर, रविवार को पूरे विधि-विधान के साथ बेबी एलिफेंट की 'छठी' मनाई जाएगी। इसके लिए आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन पूर्व कोरबा वनमंडल के करतला वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम साजापानी के जंगलों में एक मादा हाथी ने नन्हें शावक को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही यह नन्हा हाथी अपनी मां और दल के 9 अन्य हाथियों के साथ साजापानी तथा आसपास के जंगलों में स्वच्छंद विचरण कर रहा है। हाथियों के इस दल में नन्हें मेहमान की मौजूदगी को लेकर ग्रामीणों में डर के बजाय एक अलग ही उत्साह और आत्मीयता देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने यह फैसला किया है कि नन्हें शावक के जन्म पर 25 अक्टूबर को मां काशीरानी मंदिर के नीचे गौठान टिकरापारा में छट्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसके लिए जिला प्रशासन के अफसर, स्थानीय जनप्रतिनिधि व रामभाठा, लबेद, पहाड़गांव, काशींपानी, छातापाठ, जामपानी, भुईचुंवा के ग्रामीणों को आमंत्रित किया गया है।

खास बात

- कोरबा वन मंडल के करतला रेंज का मामला



बांटा गया आमंत्रण

चंदा कर जुटाया जा रहा फंड, भोज का भी आयोजन

गांव में खुशहाली और नन्हें मेहमान के आगमन का जश्न मनाने के लिए ग्रामीणों ने आपस में बैठक कर 'छट्ठी' का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए बकायदा आमंत्रण कार्ड छपवाया गया है। गांव में आयोजित होने वाले छट्ठी कार्यक्रम को बेहतर करने के लिए गांव के लोग अपनी इच्छा से आपस में चंदा एकत्रित कर रहे हैं। छठी उत्सव के दिन एक विशेष भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे गांव के साथ-साथ आने वाले अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था रहेगी।

आसपास के गांवों को 'झारा-झारा नेवता'

ग्रामीण इस कार्यक्रम को यादगार बनाने की तैयारियों में जोर-शोर से जुटे हुए हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के आला अधिकारियों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस अनूठे उत्सव में शामिल होने के लिए विशेष निमंत्रण पत्र भेजा है। साथ ही आसपास के सभी हाथी प्रभावित ग्राम पंचायतों में 'झारा-झारा नेवता' भेजा गया है, ताकि सभी मिलकर इस खुशी को साझा कर सकें।

लापता मासूम की जंगल में मिली लाश हत्या कर लाश को लगाया गया ठिकाने



घटना स्थल पर मामले की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार बस्ती में रहने वाली एक सात वर्षीय मासूम बच्ची अपने घर से लगभग 300 मीटर दूर दुकान में सामान लेने गई थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई थी। पिछले चार दिनों से पुलिस व परिजन मासूम की तलाश में जुटे हुए थे। इस बीच गुरुवार की दोपहर मासूम का शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ के नीचे से बरामद कर लिया गया है। मासूम के साथ पहले दुष्कर्म कर हत्या करने की आशंका जतायी जा रही है। फिलहाल पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस के आला अफसरों का कहना है कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मासूम के साथ कोई अनहोनी हुई है या नहीं। लेकिन जिस परिस्थिति में लाश मिली है इससे यह साफ है कि मासूम की हत्या कर उसकी लाश को ठिकाने लगाया गया है। पुलिस को क्षेत्र में रहने वाले एक युवक पर संदेह है जिसकी सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

उल्लेखनीय है कि रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत रजगामार बस्ती स्थित करीम पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले प्रकाश जोशी की सात वर्षीय मासूम पुत्री भाव्या जोशी 19 अक्टूबर की दोपहर लगभग 2 बजे अपने घर के समीप स्थित दुकान से सामान लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। बच्ची के नहीं लौटने पर परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश शुरू की। लेकिन काफी देर खोजबीन के बाद भी मासूम का पता नहीं चला। जिसके बाद इसकी सूचना रजगामार पुलिस को दी गई थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस के आला अधिकारियों की टीम पिछले 4 दिनों से मासूम की तलाश में जुटी हुई थी। इस बीच गुरुवार की दोपहर लगभग एक बजे प्रकाश जोशी के घर से लगभग 500 मीटर दूर नदी किनारे हर्रा पेड़ के नीचे भाव्या का शव पड़ा हुआ था। परिजन जब जंगल में उसकी तलाश कर रहे थे तब उनकी नजर पड़ी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस के अफसरों को दी गई। जहां लाश मिलने की सूचना पर पुलिस के आला अधिकारी व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। देर शाम होने के कारण मासूम के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि प्रारंभिक जांच के दौरान मासूम के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई गई है। जिसके बाद उसे मौत के घाट उतारा गया है। पुलिस के चंगुल से बचने के लिए हत्यारे ने नदी किनारे जंगल में उसके लाश को ठिकाने लगाने का प्रयास किया है। पुलिस के आला अधिकारियों की टीम मासूम की मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि मासूम के साथ दुष्कर्म हुआ है या नहीं। मासूम के गरदन पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे यह ⏭शेष पेज 2 पर

खास बातें

- रजगामार चौकी क्षेत्र का मामला, 19 अक्टूबर से लापता थी मासूम
- पुलिस पीएम रिपोर्ट का कर रही इंतजार, दुष्कर्म की जताई जा रही आशंका
- संदेही युवक की तलाश में जुटी पुलिस, विभिन्न एंगलों पर हो रही है जांच

हटाए गए कटघोरा नगर पालिका के सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका परिषद में पिछले लंबे समय से चल रहे घोटालों, वित्तीय अनियमितताओं और मनमानी के आरोपों के बीच जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। नगर पालिका के विवादित मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुद्रिका प्रसाद तिवारी को आखिरकार कटघोरा से हटा दिया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रशासनिक आदेश के तहत मुद्रिका प्रसाद तिवारी को नगर पालिका परिषद कटघोरा के पद से मुक्त करते हुए अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक सिटी मिशन प्रबंधन इकाई, जिला-कोरबा में संलग्न कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कटघोरा नगर पालिका परिषद भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण सुर्खियों में रही है। विशेष रूप से 'अटल परिसर' में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में बनने वाली कांस्य की प्रतिमा के निर्माण में एक बड़ा खेल पकड़ा गया था। जिम्मेदार अधिकारियों ने सांठगांठ कर ब्रॉन्ज की जगह कथित सीमेंट की सस्ती मूर्ति लगवा दी थी, जिसे लेकर पार्षदों और आम जनता में भारी आक्रोश था। इस वित्तीय अनियमितता के उजागर होने के बाद विभाग द्वारा सब-इंजीनियर को निलंबित किया जा चुका था और तभी से तत्कालीन सीएमओ को भी हटाने की मांग लगातार उठ रही थी। इसके अतिरिक्त, सामान्य सभा की बैठकों में पार्षदों के साथ सामंजस्य न बिठा पाने, मनमाने फैसले लेने और पालिका के विकास कार्यों में बरती गई कथित प्रशासनिक शिथिलता के कारण भी वे लगातार जनप्रतिनिधियों के निशाने पर थे।

खास बात

- अटल परिसर में पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कांस्य मूर्ति में भ्रष्टाचार का मामला



एमपी तिवारी

आईएएस ईशांत जायसवाल संभालेंगे कमान

नगर पालिका में मचे इस प्रशासनिक घमासान और घोटालों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने कटघोरा की कमान अब एक प्रशासनिक अधिकारी को सौंपी है। पूर्व में जारी आदेश के तहत सहायक कलेक्टर (परिवीक्षाधीन) ईशांत जायसवाल को कटघोरा नगर पालिका परिषद का नया मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त किया गया है।

दुकान में दिखा सांप, रेस्क्यू कर छोड़ा गया जंगल

कोरबा। निहारिका क्षेत्र के बजरंग ट्रेडर्स नामक दुकान की सीलिंग पर करीब 7 फीट लंबा धमना सांप बैठा था। जिसे देखकर मौजूद लोग ने वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम के जितेंद्र सारथी को इसकी सूचना दे दी। सूचना मिलते ही सारथी मौके पर पहुंचे और सांप को सुरक्षित रेस्क्यू करने की प्रक्रिया शुरू की। सांप को रेस्क्यू करने के बाद सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

राज्य में एसईसीएल के कोयला कर्मियों को 1013 प्रति सिलेंडर की दर से होगा भुगतान

कोयला कर्मियों को अब एक समान दर से मिलेगा एलपीजी फ्यूल अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कोयला कर्मचारियों को मिलने वाले एलपीजी फ्यूल अलाउंस की दरों में एकरूपता लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत राज्य में कार्यरत कोयला कर्मियों को प्रति सिलेंडर 1013 रुपये और मध्यप्रदेश में कार्यरत कर्मचारियों को 947.50 रुपये का भुगतान किया जाएगा। केंद्रीकृत दर अक्टूबर से प्रभावी कर दी गई है। इस बदलाव का लाभ जिले के लगभग 11 हजार कोयला कर्मचारियों को मिलने की उम्मीद है।

एसईसीएल की कोयला खदानें राज्य के कोरबा, रायगढ़ और कोरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हैं। इसके अलावा कंपनी की खदानें मध्यप्रदेश के जिलों में भी फैली हुई हैं। जिले में गेवरा, कुसमुंडा और दीपका जैसी देश की प्रमुख मेगा कोयला खदानें संचालित हैं। वहीं कोरबा एरिया के अंतर्गत भूमिगत और ओपनकास्ट खदानों में भी बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। ऐसे में एलपीजी फ्यूल अलाउंस की नई व्यवस्था जिले के कोयला कर्मियों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



फाइल फोटो

दरअसल पहले कोयला कर्मचारियों को घरेलू ईंधन के रूप में प्रतिमाह कोयला उपलब्ध कराया जाता था। बाद में इस व्यवस्था को समाप्त कर एलपीजी सिलेंडर के लिए भत्ते का प्रावधान किया गया। इसके तहत कर्मचारियों के खाते में एलपीजी फ्यूल अलाउंस की राशि जमा की जाती है, ताकि वे घरेलू उपयोग के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था कर सकें। हालांकि एलपीजी फ्यूल अलाउंस की नई दरें लागू होने के बाद भी होम डिलीवरी और परिवहन शुल्क को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। जारी आदेश में एलपीजी सिलेंडर के मूल भुगतान की दर निर्धारित की गई है, लेकिन अतिरिक्त शुल्क के भुगतान को लेकर अलग से स्पष्टता सामने नहीं आई है। ऐसे में कर्मचारियों की नजर इस बात पर रहेगी कि होम डिलीवरी और परिवहन शुल्क का समायोजन किस प्रकार किया जाएगा। नई दरों के लागू होने से कोयला कर्मियों को भुगतान में एकरूपता मिलेगी, जबकि अतिरिक्त शुल्क से संबंधित स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार बना हुआ है।

अलग अलग एरिया में भुगतान दरों में था अंतर

अब तक छत्तीसगढ़ में एसईसीएल के अलग-अलग एरिया में एलपीजी फ्यूल अलाउंस की भुगतान दरों में अंतर था। इससे एक ही राज्य में कार्यरत कर्मचारियों को अलग-अलग दरों पर राशि मिलने की स्थिति बनी हुई थी। कर्मचारी संगठनों ने इस अंतर को दूर कर सभी क्षेत्रों में समान दर लागू करने की मांग उठाई थी। यह मुद्दा नेशनल कोल वेज एग्रीमेंट-11 के इंस्ट्रक्शन नंबर-4 में भी शामिल रहा है। केंद्रीकृत दर लागू होने से राज्य के विभिन्न एरिया में कार्यरत कर्मचारियों के लिए भुगतान व्यवस्था एकसमान हो जाएगी।

ट्रेलर की टक्कर से युवक की मौत

कोरबा। नगर पंचायत छुरी स्थित स्कूल के पास एक ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राकेश रजक पिता विदेशी रजक, निवासी दर्री के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि राकेश छुरी से अपने घर दर्री लौटने के लिए निकला था। इसी दौरान नगर पंचायत छुरी के स्कूल के पास ट्रेलर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के तुरंत बाद युवक को कटघोरा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

तीन नवीन धान खरीदी केंद्र खुलने से किसानों को मिली बड़ी राहत



हरदीबाजार। किसानों की लंबे समय से मांग थी की बड़ी धान खरीदी केंद्रों में किसानों को धान बिक्री करने, परिवहन होने वाले खर्च, धान बिक्री के लिए मंडी में सुबह से शाम हो जाते थे। इन सब समस्याओं से निजात दिलाने,नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए क्षेत्रीय कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से मांग रखी थी। जो विधायक प्रेमचंद पटेल के अथक प्रयास व उनके अनुशंसा पर राज्य सरकार के खाद्, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के द्वारा कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन नवीन धान उपार्जन केंद्र की स्थापना को औपचारिक मंजूरी दे दी है। शासन द्वारा स्वीकृत किए गए तीन नवीन धान उपार्जन केन्द्रों में ग्राम पंचायत मुढ़ाली, ग्राम पंचायत ढ़ोलपुर एवं ग्राम पंचायत चोढ़ा है यहां के सभी किसान अपने ग्राम से 5 से 10 किमी दूरी तय कर धान उपार्जन केंद्र पहुंचे थे। जिसमें परिवहन के लिए साधन की व्यवस्था,खर्च, अधिक किसान होने से उपार्जन केंद्र में सुबह से शाम हो जाते थे। अब इन सब से क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। नवीन धान खरीदी केंद्र के खुलने से किसानों में हर्ष है वही किसानों ने क्षेत्रीय कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है और कहे कि अब नऐ धान उपार्जन केंद्र में पारदर्शिता व सुगम धान तौल होगी।

मां दुर्गा का किया गया विसर्जन



कोरबा। ग्राम बेलाकछार बालको नगर में क्वांर नवरात्रि पर्व के समापन पर दुर्गा पंडालन में विराजित माता को विदाई दी गई। इसके बाद नदी में माता की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मंगलवार को बेलाकछार बालको नगर के देवी मां को गाजे, बाजे के साथ भक्तों ने विसर्जन किया। इस दौरान उमिका साहू ,ज्योत्सना साहू, राकेश साहू, रेखा साहू, राघव साहू, भवानी साहू, सुशीला पटेल, माधव पटेल, गोपाल महंत, राजू यादव,लक्ष्मण महंत, नीलू पटेल, शोभा पटेल, सुधा पटेल, मोगरा पटेल, सुनीता देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे। इसी तरह ठाकुर दिया चौक संगम नगर मां दुर्गा का विजय दशमी के शुभ अवसर पर नदी घाट में विसर्जन किया गया। समापन पर दुर्गा पंडाल में विराजित माता को विदाई दी गई।

युवा उड़ान कार्यक्रम, शिक्षा, रोजगार और खेल के अवसरों पर हुआ संवाद

भ्रामक सूचनाओं से बचें युवा, विकसित भारत के निर्माण में निभाएं सक्रिय भूमिका : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने, उनकी आकांक्षाओं को समझने और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन कोरबा द्वारा आज पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में 'युवा उड़ान 2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं को शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास, खेल एवं व्यक्तित्व निर्माण के अवसरों का लाभ उठाकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षण संस्थानों के प्राध्यापकों तथा स्कूल, कॉलेज, आईटीआई और लाइवलीहुड से जुड़े छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर, महापौर संजूदेवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कलेक्टर कुणाल दुदावत, निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, गोपाल मोदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने अपने संबोधन में युवाओं से सकारात्मक सोच, विवेक और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने तथा किसी भी भ्रामक सूचना या बहकावे में आए बिना देश एवं प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा चुनावी खर्च कम करने तथा बार-बार लागू होने वाली आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में आने वाली बाधाओं को कम करने में सहायक हो सकती है। चुनावी प्रक्रिया में प्रशासनिक अमले और सरकारी संसाधनों के लंबे समय तक व्यस्त रहने से जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की गति प्रभावित होती है। संसाधनों का बेहतर उपयोग कर विकास की प्रक्रिया को गति देना और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना आवश्यक है। मइस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम के नवीनीकरण के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस पहल से जिले में कार्यक्रमों, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं अन्य आयोजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।



कार्यक्रम में शामिल उद्योग मंत्री, छग राज्य युवा आयोग अध्यक्ष, महापौर, कलेक्टर व अन्य।

युवाओं को अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि 'युवा उड़ान 2026' की वास्तविक शक्ति यहां उपस्थित विद्यार्थी और युवा हैं। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी निर्णायक होगी। उन्होंने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि चुनावी प्रक्रिया में लगने वाले समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों का बेहतर उपयोग विकास कार्यों को गति देने में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास विशाल युवा शक्ति है। युवाओं को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखते हुए चुने हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। जापान और जर्मनी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और मजबूत कार्यसंस्कृति के बल पर देश कठिन परिस्थितियों से उबरकर प्रगति कर सकते हैं।

निरंतर परिश्रम ही युवा शक्ति की असली पहचान

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवा होने की पहचान केवल उम्र या वेशभूषा से नहीं, बल्कि विचारों, कर्मों और समाज के प्रति जिम्मेदारी से होती है। सच्चा युवा वह है जो गिरे हुए व्यक्ति को उठाए, जरूरतमंद का सहारा बने, सेवा को अपना धर्म माने तथा नारी शक्ति, माता-पिता और बड़ों का सम्मान करे। कथनी और करनी में समानता रखते हुए देशसेवा को जीवन का उद्देश्य बनाना ही युवा शक्ति का वास्तविक परिचय है।

जूनियर एक्जिक्यूटिव परिवार ने खिचड़ी भोज का किया आयोजन

बालको। नवरात्रि के पावन पर्व पर दुर्गाष्टमी के उपलक्ष्य में बालको प्लांट में कार्यरत जूनियर एग्जीक्यूटिव परिवार द्वारा सेक्टर-3 स्थित दुर्गा पंडाल, बालको में खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। माताराणी के प्रति श्रद्धा और सेवा भाव से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं एकता का संदेश दिया गया। जूनियर एग्जीक्यूटिव परिवार की इस पहल ने धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक सद्भाव और सामूहिक सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं के प्रति जूनियर एग्जीक्यूटिव परिवार ने आभार व्यक्त किया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780



स्पेशल ट्रेन से - 24 दिसम्बर 2026 से 03 जनवरी 2027 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR: D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

तीन दृष्टिबाधित भाई-बहनों के जीवन में भरे खुशियों के सुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसी के जीवन में खुशियां लाने के लिए हमेशा बड़ी मदद की जरूरत नहीं होती। कभी-कभी किसी की छोटी-सी जरूरत को समझना, उसकी इच्छा को सम्मान देना और समय पर उसे पूरा कर देना ही उसके लिए बहुत बड़ी खुशी बन जाता है। ग्राम तेलसरा में कलेक्टर और जिला प्रशासन की संवेदनशीलता एवं रचनात्मक पहल की ऐसी ही सुंदर तस्वीर सामने आई, जहां एक ही परिवार के तीन दृष्टिबाधित भाई-बहनों के हाथों में उनके पसंदीदा वाद्य यंत्र पहुंचे।

विगत दिनों कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिले के खनन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने ग्राम तेलसरा के ग्राम पंचायत भवन में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न जरूरतों और समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया। इसी दौरान एक ही परिवार के तीन दृष्टिबाधित दिव्यांगजन श्री संतोष दास सारथी, उनकी बहन श्रीमती फुलेश्वरी सारथी एवं श्रीमती राखी सारथी ने वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने का आग्रह किया। संगीत उनके लिए केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का जरिया भी है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने उनकी बात को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना। उनकी रुचि और जरूरत को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने शीघ्र वाद्य यंत्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। चौपाल में कही गई यह बात महज आश्वासन बनकर नहीं रह गई। लगभग दो सप्ताह के भीतर ही जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए अपना संकल्प पूरा किया और आवश्यक वाद्य सामग्री तीनों दिव्यांगजनों तक पहुंचाई।

